आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 28.01.2025 समय : 07.10pm

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत और जापान के रहे हैं सदियों से परस्पर संबंध ।
- मप्र हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के मामले में याचिका की खारिज, 27 फीसदी आरक्षण का रास्ता हुआ साफ ।
- प्रयागराज में कल मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए और अधिक रेलगाड़ियां चलेंगी ।
- खंडवा में अनुभूति कार्यक्रम में भावी नागरिकों ने सीखे वन संरक्षण के संस्कार।

समाचार विस्तार से:–

**मुख्यमंत्री जापान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत और जापान के सदियों से परस्पर संबंध रहे है। प्राचीनकाल से आधुनिक युग तक जापान का समृद्ध इतिहास रहा है। मुख्यमंत्री आज जापान स्थित भारतीय दूतावास में इंटरैक्टिव सेशन इनवेस्टमेंट अर्पोचुनिटीज इन मध्यप्रदेश के अवसर पर उद्योगपतियों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस यात्रा से मध्यप्रदेश-जापान की मित्रता में एक नये अध्याय की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि जापान से मध्यप्रदेश के व्यावसायिक संबंध भी जुड़े हैं। डॉ. यादव ने जापान के उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री जापान के चार दिवसीय दौरे पर हैं। उनका दौरा 31 जनवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री का यह दौरा 'इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश' अभियान का प्रमुख हिस्सा है, जो फरवरी में भोपाल में आयोजित होने वाले 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' के लिए है।

**केन्द्रीय बजट**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन अगले महीने की पहली तारीख को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश करने की तैयारी कर रही है। विशेषज्ञों और आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार आगामी बजट में सरकार देश में सुदृढ़ ढांचा बनाने पर बल देते हुए विकास, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। भोपाल में

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में अर्थशास्त्र के प्रोफ़ेसर मनीष शर्मा ने बजट घाटा कम करने पर जोर दिया है.

**ओबीसी आरक्षण**

मप्र हाईकोर्ट ने आज ओबीसी आरक्षण के मामले में यूथ फॉर इक्वलिटी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है। इस फैसले के साथ ही प्रदेश में समस्त रुकी हुई भर्तियों को फिर से शुरु करने और ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। अब उन समस्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरु हो सकती है जिन्हें 13 प्रतिशत के दायरे में लेकर होल्ड कर दिया गया था। दरअसल 4 अगस्त 2023 को हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश के तहत राज्य सरकार को 87 और 13 प्रतिशत का फार्मूला लागू करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने आज अपने फैसले में इस आदेश को रद्द कर दिया ।

**सौरभ शर्मा गिरफ्तार**

आरटीओ डिपार्टमेंट के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा को लोकायुक्त ने आज गिरफ्तार किया है। उसके बाद से ही लोकायुक्त उससे पूछताछ कर रही है। लोकायुक्त डीजी जयदीप प्रसाद ने आज भोपाल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भोपाल की एक लोकेशन से सौरभ को गिरफ्तार किया हैं। उन्होंने कहा कि उससे लोकायुक्त की एक टीम निरंतर पूछताछ कर रही है,और 24 घंटे के अंदर पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**राज्यपाल जेल सुधार**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जेल के अंदर सुधारात्मक सेवाओं के साथ ही जेल के बाहर भी समाज सुधार के प्रयासों की पहल की जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अपराधों की प्रकृति, परिस्थतियों और स्वरूप के विश्लेषण से प्राप्त जानकारियों के आधार पर समाज के साथ संवाद के कार्यक्रम तैयार करे। अपराध घटित नहीं हो, इस दिशा में सामुदायिक जनजागृति के प्रयास किए जाने चाहिए।

राज्यपाल आज गृह, विधि, जेल विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे।

राज्यपाल ने जेल में शिक्षा, स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता के द्वारा बंदियों को सुधारने और पुनर्वासित करने के प्रयासों की जानकारी ली।

**रेलवे-मौनी अमावस्या**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में कल, मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने और अधिक रेलगाड़ियां चलाने की योजना बनाई है। संवाददाताओं से बातचीत में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि रेलवे ने पहले से तय विशेष ट्रेनों के अलावा 60 और विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इसके साथ ही मौनी अमावस्या के अवसर पर चलाई जाने वाली विशेष ट्रेनों की कुल संख्या एक सौ 90 हो जाएगी। प्रयागराज से यात्रियों के लिए हर 4 मिनट पर एक ट्रेन उपलब्ध रहेगी।

**पद्म अवार्ड प्रतिक्रिया**

प्रदेश के खरगोन जिले की शैली होल्कर को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा । शैली ने महेश्वर के हथकरघा उद्योग में जान फूंक दी है। उन्होंने अपने जीवन के 5 दशक इसी काम में लगा दिए। उन्होंने इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की स्थापना भी की है।

**अनुभूति कार्यक्रम**

खंडवा में मध्यप्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से अनुभूति कार्यक्रम आयोजन वन परिक्षेत्र पूर्व कालीभीत में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के भावी नागरिकों में वन संरक्षण के संस्कार विकसित करना है। कैम्प में पक्षी दर्शन, ट्रेकिंग, नेचर ट्रेल, प्रश्नोत्तरी आदि विभिन्न प्रतियोगिताएँ और गतिविधियाँ हों रही हैं। यहाँ के वन परिक्षेत्र अधिकारी एन आर कुशवाहा द्वारा स्कूली बच्चो को पक्षी दर्शन, वृक्ष संबंधी, प्रकृति का परिचय आदि के बारे में बताया गया।

**गड़करी-अभय**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि 2024 में लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं और इनमें एक लाख 80 हजार लोगों की मौत हुईं। आज नई दिल्ली में ग्रामीण विकास और प्रौद्योगिकी केंद्र द्वारा आयोजित **प्रोजेक्ट अभय** के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि 66 प्रतिशत मौतें 18 से 34 वर्ष के आयु वर्ग में हुईं। प्रोजेक्ट अभय का उद्देश्य देश भर में ट्रक ड्राइवरों के जीवन में सुधार लाना है। श्री गडकरी ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए माल भाड़े को कम करने पर भी जोर दिया।

**स्कूल बेहतरी**

प्रदेश में स्कूली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिये जाने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति-2020 में रोचक एवं आनंददायक शिक्षा दिये जाने की अनुशंसा की गयी है। इस उद्देश्य से सीएम राइज योजना में 9200 विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों को दो चरणों में सर्व-संसाधनयुक्त बनाया जा रहा है। योजना के पहले चरण में 274 विद्यालयों में भवन निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। इनमें से 22 स्कूल भवनों का निर्माण पूर्णता की ओर है। योजना के दूसरे चरण में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 276 विद्यालयों को सर्व-संसाधन रूप में विकसित करने की स्वीकृति दी गयी है। इन विद्यालयों में कक्षा-केजी से कक्षा-12वीं तक पढ़ाई का संचालन किया जायेगा।

**संक्षेप**

1. भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने आज निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां नवनिर्मित प्लेटफार्म, पैदल पार पुल, यात्री सुविधा के लिए लगाई गई लिफ्ट, रैंप, यात्री प्रतीक्षालय सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया।
2. आज से सीहोर - भोपाल ओल्ड रोड पर स्थित फंदा रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण के चलते रेलवे गेट स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है ।
3. गुना में आज कलेक्ट्रेट परिसर के जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं का निराकरण किया गया।
4. आगरमालवा जिला परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आज सुसनेर में लगाये गये नेत्र प्रशिक्षण शिविर में 82 वाहन चालक एवं परिचालकों का नेत्र परीक्षण किया गया.
5. अशोकनगर में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनान्तर्गत पी.बी.टी.जी.परिवारों के लिए मेटरनल कैंपों का आयोजन जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर आज किया गया।
6. छिन्दवाड़ा में भारत पर्व का आयोजन पूरे उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। यह आयोजन राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा में संपन्न हुआ। और
7. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर द्वारा आज भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में वीथी नाटकों का आयोजन किया गया।

.............................................